देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### सिटी के अंजनी पटेल जदयू के प्रदेश सचिव बनाए गए

पटना सिटी (प्राकि)। मच्छरहट्टा के रहने वाले अंजनी पटेल को 106 सदस्यों वाली जदयू प्रदेश कमेटी में प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी गई है। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### जदयू की सदस्यता ली

पटना सिटी (प्राकि)। महानगर जदयू की ओर से वार्ड 50 के दरगाह रोड में अनेक महिलाओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। अध्यक्षता आलिया फातिमा और संचालन सेक्टर अध्यक्ष पवन मेहता ने किया। मुख्य अथिति महानगर अध्यक्ष आसिफ कमाल और प्रवक्ता अनंत अरोड़ा थे। अतिथि द्वय ने संगठन की मजबूती में सदस्यता को जरूरी बताया।हर वार्ड में सदस्यता अभियान और बैठक होगी। सदस्यता लेने वालों में नगमा, शहनाज, नेहा, बिट्टू आदि थे। आयोजन में अफरोजा खातून, पवन मेहता, रामप्रवेश, प्रवीण चौधरी, अर्चना कुमारी, मुन्ना, शिवशंकर आदि थे।

### छात्रा का बैग व मोबाइल झपट अपराधी हुआ फरार

पटना सिटी (प्राकि)। महात्मा गांधी सेतु बेरियर के पास उचक्का बैग और मोबाइल झपट फरार हो गया। बस से उतरी एक छात्रा का बैग और मोबाइल छीनने का मामला आलमगंज थाना में दर्ज हुआ है। बस से गांधी सेतु के बेरियर के पास उतर कर छात्रा ई-रिक्शा से मुसल्लहपुर हाट जा रही थी। पल्लवीनगर बड़ावाला फाटक के पास आठ-दस की संख्या में रहे बदमाशों ने घेरा और मारपीट कर बैग व रुपए छिन लिया। छात्रा ने बताया कि बैग में 25 हजार रुपया व एटीएम कार्ड भी था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### एक व्यक्ति की ट्रेन से गिरकर कटने से हुई मौत

दानापुर खगौल। रेल थाना क्षेत्र सरारी गुमटी के समीप एक व्यक्ति बक्सर गंगा नदी में स्नान व पूजा पाठ कर घर लौट रहे एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। हादसे दानापुर स्टेशन के पश्चिम सरारी गुमटी के पास घटी। मृतक की पहचान कछवा रोहतास के निवासी सह वर्तमानमें खाजपुरा, पटना के रहने वाले राधा रमण उपाध्याय के रूप में हुई। जीआरपी की सूचना पर पहुंचे मृतक के भाई सत्य प्रकाश उपाध्याय ने शव जीआरपी दानापुर में लिखित आवेदन देकर शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने साथ ले गये। लिखित आवेदन में मृत के भाई ने बताया है कि उनके बड़े भाई राधा रमण उपाध्याय शनिवार की सुबह बक्सर गंगा स्नान करने गये थे। गंगा स्नान के बाद वह फोन कर बताये कि वह ट्रेन पकड़कर घर लौट रहे है। कुछ घंटो बाद जीआरपी दानापुर से सूचना मिली कि सरारी गुमटी के पास वह ट्रेन से गिर गये है और ट्रेन से कटने से मौत हो गई है। जीआरपी एसएचओ सुधीर कुमार सिंह के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौप दिया गया है।

### चेहल्लुम पर निकला अलम का जुलूस

पटना सिटी (प्राकि)। शिया समुदाय की ओर से अलम और ताबुत के साथ चेहल्लुम पर जुलूस निकाला गया। हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 अंसारों की शहादत में यह जुलूस चोआ लाल लेन स्थित याहिया मंजिल से निकला। विभिन्न रास्तों से होता नवाब बहादुर रोड होते हुए हज्जन साहेब के फाटक तक आया। यहां पर मजलिस का आयोजन किया गया। जुलूस में पंजेतनी के महासचिव अली इमाम, संयोजक सह सचिव अली अब्बास, एकबाल हैदर, जावेद बबलू, चमडोरिया दरगाह के सचिव सैयद शाह जौहर इमाम जौनी, सैयद जिया उर्फ पन्ना, टीम सेवा के अध्यक्ष सैयद हसन अली, जावेद हुसैन के साथ अंजुमने अब्बासिया, अंजुमने हैदरी, अंजुमने हुसैनिया, अंजुमने सज्जादिया समेत अनेक अंजुमन के लोग शामिल हुए। जुलूस में शामिल अंजुमन के लोग नौहाखानी करते और मर्सिया पढ़ते चल रहे थे। रविवार को याहिया मंजिल में मजलिस के बाद हमाम से दुली घाट के बीच ताबूत व अलम का जुलूस निकाला जाएगा। शहर के विभिन्न इमामबाड़ों पर स्थापित सिपहर व ताजियों का पहलाम चेहल्लुम के दिन चैलीटाल स्थित शाह वकार की तकिया स्थित कर्बला में होगा।

# प्रीपेड मीटर, पेंशन बढ़ाने आदि मांगों को ले किया प्रदर्शन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




जबरन प्री-पेड मीटर लगाए जाने, सौंदर्यीकरण और अतिक्रमण के नाम पर झुग्गी-झोपड़ी निवासियों और फुटपाथ दुकानदारों को उजाड़े जाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ा कर पांच हजार करने, राशन कार्ड में धांधली एवं ब्लॉक-अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पटना सदर के प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर शनिवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन भूतनाथ मोड़, मुख्य सड़क कंकडबाग से नारा लगाते हुए जुलूस के साथ कुम्हरार स्थित प्रखंड कार्यालय पहुंचा। प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी दोनों के उपस्थित न रहने पर प्रदर्शनकारी आक्रोशित हो गए और प्रखंड कार्यालय के अंदर घुस कर बीडीओ कक्ष के पास नारा लगाने लगे। तब प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में प्रखंड कृषि पदाधिकारी नंदनी राम ने पार्टी प्रतिनिधि को वार्ता के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद प्रदर्शनकारी गेट पर ही सभा करने लगे और सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पदाधिकारी से वार्ता किया। बीडीओ ने 28 अगस्त को स्वयं वार्ता के लिए तिथि निर्धारित किया। आमसभा को संबोधित करते पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य रामलला सिंह ने कहा कि सरकार को आम जनता की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। राज्य में अपराध चरम पर है, लेकिन प्रशासन के लोग अपने जेब गर्म करने में लगे रहते हैं। जिला सचिव विश्वजित कुमार ने कहा कि प्रखंड कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। राशन कार्ड बनबाने के लिए लोग फार्म भरकर छह माह से दौड़ रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का भी यही हाल है और चार सौ रुपये में क्या होगा? जिला कार्यकारिणी सदस्य देवरतन प्रसाद ने कहा कि प्रीपेड मीटर कहीं से भी जनता के लिए हितकारी नहीं है और प्रीपेड मीटर वाले लोग साइबर फ्रॉड के शिकार हो रहे हैं। बांकीपुर अंचल सचिव सह जिला मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने कहा कि एक तरफ सरकार गरीबों को मुफ्त राशन की बात करती है और दूसरी तरफ एक साथ 85 हजार लोगों का नाम राशन कार्ड से हटा दिया गया। केवाईसी भी राशन कार्डधारियों को राशन कार्ड से वंचित करने की साजिश है।अतिक्रमण के नाम पर गरीबों और फूटपाथ दुकानदार को न सिर्फ हटाया जा रहा है बल्कि अतिक्रमण के प्रभारी उनका आर्थिक दोहन भी कर रहे हैं। सभा को गुलाम सरवर आजाद, शिक्षक नेता भोला पासवान, प्रो अशोक यादव, कर्मचारी नेता मो कैसर, पटना साहिब अंचल सचिव शम्भू शरण प्रसाद, महिला नेत्री मीना देवी, उदयन राय, अनिल रजक ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता जिला सचिव मंडल सदस्य प्रमोद नंदन ने किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कुम्हरार अंचल सचिव हरेन्द्र कुमार एवं दीघा अंचल के सह सचिव सुरेन्द्र कुमार मुन्ना ने किया। प्रतिनिधिमंडल में देवरत्न प्रसाद, मंगल पासवान, प्रमोद नंदन, संजय कुमार, शान्ति देवी, सरस्वती देवी, विभा देवी एवं गुलाम सरवर आजाद शामिल थे।

# नालंदा मेडिकल कॉलेज में आज देश के 300 से ज्यादा चिकित्साकर्मी लेंगे हिस्सा

- बिहार शोल्डर कोर्स के आयोजन की तैयारी पूरी, हड्डियों को काटने व आकार देने की तकनीक बोन शो देखने का मौका

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन (बीओए) के तत्वावधान में नालंदा मेडिकल कॉलेज में रविवार को बिहार शॉल्डर कोर्स 2024 का आयोजन किया गया है। यह आयोजन नालंदा मेडिकल कॉलेज के ऑथोर्पेडिक्स एंड एनाटॉमी विभाग की ओर से किया जा रहा है। इसमें देश से 300 से ज्यादा ऑथोर्पेडिक सर्जन, जूनियर डॉक्टर व चिकित्साकर्मी मौजूद रहेंगे। कोर्स का मुख्य आकर्षण कैडेवरिक वर्कशॉप रहेगा। इसमें डॉक्टरों को शोल्डर सर्जरी के व्यावहारिक पक्ष को समझने का मौका मिलेगा। उन्हें हड्डियों को काटने और आकार देने की तकनीक ह्यबोन शोह्ण को भी करीब से देखने का मौका मिलेगा। लाइव सर्जरी के माध्यम से डॉक्टर शोल्डर सर्जरी की विभिन्न तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से देख और समझ सकेंगे। इसके अलावा रिवर्स शोल्डर आर्थोप्लास्टी पर विस्तृत चर्चा होगी, जो शोल्डर सर्जरी में एक आधुनिक तकनीक है। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ प्रवीण कुमार साहू ने बताया कि शोल्डर ऑर्थोस्कोपी विषय पर पूर्वोत्तर भारत का यह पहला और सबसे बड़ा कोर्स होगा। इसमें ऑथोर्पेडिक्स के क्षेत्र में नई तकनीक और नवाचारों के बारे में भी जानने का मौका मिलेगा। यह कोर्स बीसीएमआर से 4 क्रेडिट पॉइंट्स के साथ मान्य है, जो डॉक्टरों के लिए एक अतिरिक्त लाभ है। बीओए के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि इस कोर्स के माध्यम से डॉक्टर अब कंधे की बीमारियों के इलाज में अधिक कुशल होंगे। इससे मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। कार्यक्रम के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ रंजीत सिंह और ऑर्गनाइजिंग सचिव डॉ अभिषेक दास सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वहीं साइंटिफिक कमेटी के चेयरमैन डाप्रो ओम प्रकाश कुमार हैं।कार्यक्रम में डॉ बिप्लब डोलुई, डॉ मनित अरोड़ा और डॉ प्रियदर्शी अमित सहित प्रतिष्ठित अतिथि संकाय शामिल होंगे, जो सदस्यों के साथ अपने अमूल्य ज्ञान और अंतर्दृष्टि को साझा करेंगे। उनकी भागीदारी हमारे क्षेत्र में शोल्डर आर्थोप्लास्टी के क्षेत्र को आगे बढ़ाने में इस पाठ्यक्रम के महत्व को रेखांकित करती है।

# छात्रों ने कृष्ण राधा का रूप प्रवेश धारण कर किया नृत्य



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व शनिवार को विद्या सागर एकेडमी, भीतरी बेगमपुर में मटका, बांसुरी एवं झूला सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गसमें वर्ग प्रथम से अष्टम वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने छोटे-बड़े हर प्रकार के मटका, बांसुरी एवं झूला को सजाया। कुछ बच्चों ने श्री कृष्ण के रूप को पेंसिल एवं रंग से बनाया। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन करने से किस पर्व-त्योहार का महत्व है, इसकी जानकारी बच्चों को मिलती है और पर्व से लगाव बढ़ता है। प्रतियोगिता के अंत में एकेडमी के कौशलेंद्र कुमार ने प्रथम वर्ग के निहू कुमारी, रिशु कुमार, द्वितीय वर्ग की आराध्या राज, कुमार राजवर्धन सिन्हा, नायरा कुमारी, तृतीय वर्ग के समर कुमार, समीर कुमार, चतुर्थ वर्ग के कुमार यशवर्धन सिन्हा, शिवम कुमार, पंचम वर्ग की इशिका कुमारी, नैतिक कुमार, पुष्कर कुमार, यश कुमार, छठ वर्ग की खुशी, चांदनी, कृष्णा, सप्तम वर्ग के सिमरन राज व अनुष्का को पुरस्कृत किया। दूसरी ओर गुजरी बाजार स्थित सुदर्शन सेंट्रल स्कूल एवं सुदर्शन किड्स में कृष्ण रूप सज्जा का आयोजन किया गया। इसमें निश्चय, अविका, शिवांश, मानसी, आद्या, आरव, आर्यन, ऋष पटवा, सिद्धि, सिद्धार्थ, अर्णव, स्वाति, परी, परिनिधि, रणवीर, आर्या, मेघा आदि छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने कृष्ण राधा का रूप धारण कर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर प्राचार्य गौतम कुमार ने कृष्ण जन्मोत्सव के महत्व को बताते हुए छात्रों को प्रोत्साहित किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# पांच दिवसीय विश्व धर्म संसद गाजियाबाद में

**17 से 21 दिसम्बर तक होने वाले संसद में विश्व भर के धर्मगुरु लेंगे भाग**




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अखिल भारत हिन्दू महासभा की ओर से गीता व्याख्यान सह भिक्षाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर पंचदशनाम जूना अखाड़ा शिवशक्ति धाम डासना पीठाधीश्वर यति नरसिंहानन्द गिरि ने कहा कि अब समय आ गया है कि हिंदुओं को जेहादियों से अपने घर, संपत्ति व बहू-बेटियों को बचाने का। अब देश में धर्म की बात नहीं रही। हमें अपनी सनातन संस्कृति को बचाना है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि जो बंगलादेश में हिंदुओं के साथ हुआ है, वह बहुत जल्द ही भारत के हिंदुओं के साथ भी होगा। अब विश्व को भी यह सोचना होगा कि इन जेहादी दरिंदों के साथ कैसे निबटा जाए। उन्होंने बताया कि जिहाद की अवधारणा को विश्व पटल पर लाने के लिए गाजियाबाद में पांच दिवसीय (17 से 21 दिसम्बर) विश्व धर्म संसद का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विश्व के सभी गैर मुस्लिम धर्मगुरुओं व विचारकों को आमंत्रित किया जा रहा है। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि आयोजन में होने वाला खर्च देश के हिंदुओं से भिक्षा मांग कर कर रहे हैं। इसी क्रम में वे अपने शिष्यों के साथ पटना सिटी की धरती पर पधारे हैं। उन्होंने कहा कि इस्लामिक जिहाद किसी समुदाय विशेष, किसी क्षेत्र विशेष या देश विशेष की समस्या नहीं, बल्कि विश्व के गैर मुस्लिमों की समस्या है। विश्व धर्म संसद इसका रास्ता खोजने का काम करेगी। इसके लिए चारों पीठों के जगतगुरु शंकराचार्य को मार्गदर्शन के लिए निवेदन किया गया है। साथ ही देश के सभी पंथों, संप्रदाय और धार्मिक समूहों के धर्मगुरुओं से विश्व धर्म संसद का सहयोगी बनने का निवेदन किया जाएगा। लेकिन इससे पहले सभी सनातनियों को अपने सभी मतभेदों को भुलाकर अपने परिवार, बच्चों व अस्तित्व की रक्षा के लिए स्वयं खड़ा होना पड़ेगा। इससे पहले हिन्दू महासभा के प्रदेश सचिव दिव्य राज विनायक ने माला पहना कर व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सुधांशु नारायण, पुरुषोत्तम प्रसाद, ऋतुराज प्रसाद, निशांत प्रसाद, माधव लाल कश्यप, मनीष, वीरू व आशा सिन्हा मौजूद थे।

# न्यु एरा पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव की रही धूम, नटखट नंद गोपाल बन गए नन्हें बच्चे



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम। जन्माष्टमी के त्योहार को लेकर प्रखंड क्षेत्र के बाघाकोल स्थित न्यु एरा पब्लिक स्कूल में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नन्हें-मुन्ने बच्चे नटखट नंद गोपाल की भूमिका में नजर आए। कोई कृष्ण कन्हैया बना तो कोई बनी राधा। बच्चों की प्रस्तुति पर मौजूद लोगों ने भी खूब उत्साह बढ़ाया। राधा-कृष्ण के अलावा वासुदेव, देवकी, ग्वाले और गोपियों की वेशभूषा में आए बच्चों ने सभी का मनमोह लिया। इस दौरान झांकी भी लगाई गई। स्कूल की प्राचार्या डॉ नीना कुमार ने आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया' वहीं उन्होंने बच्चों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए यह बताया कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने बल और बुद्धि से बुराई पर विजय प्राप्त की। उन्होंने लोगों से सबों दया भाव व सामाजिक बुराइयों से लड़ने की सीख दिया' बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का पोस्टर पेंटिंग भी किया, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे को पुरस्कृत किया गया ' कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्या सोमदत्त चक्रवर्ती ने किया` मौके पर स्कूली बच्चे, सभी शिक्षक व कर्मी मौजूद रह।

# जमीन कारोबारी से रंगदारी मांगने व हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**सीसीटीवी व अन्य साक्ष्य पर मिली सफलता, अनिल की खोज**



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के चौधरी गली के रहने वाले जमीन कारोबारी संजय प्रकाश के घर 22 अगस्त की रात पहले ईंट फेंका गया। उसके बाद तीन दिनों के अंदर 20 लाख रुपए की रंगदारी की मांग की गई। रुपया नहीं दिए जाने पर हत्या करने की धमकी दी गई। पूरा मामला सीसीटीवी में भी कैद हो गया था। इस संबंध में जमीन कारोबारी के द्वारा दिए गए आवेदन पर थाना में 23 अगस्त को कांड 359/24 दर्ज किया गया। शनिवार को डीएसपी-2 डॉक्टर गौरव कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि मामला दर्ज होने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक प्रभात रंजन सक्सेना के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्य के आधार पर दो अपराधी इसी थाना क्षेत्र के मच्छरहट्टा के मौरी गली का रहने वाला रविंद्र राय पिता शोभित राय और चौक थाना क्षेत्र के हिरण साह की गली के रहने वाले राजू कुमार पिता पंचा राय को गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल मुख्य रूप से अनिल यादव की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि कांड में जमीन कारोबारिया के द्वारा नौ लोगों को नामजद और तीन-चार अज्ञात लोगों का नाम दिया गया है। बाकी लोगों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार राजू कुमार के खिलाफ पूर्व में अवैध शराब को लेकर मामला दर्ज है। इसमें से एक ही गिरफ्तारी खाजेकलां घाट से और दूसरे की चौक थाना क्षेत्र से हुई है। छापामारी दल में थानाध्यक्ष पीआर सक्सेना के अलावा एसआई सह अपर थानाध्यक्ष शुभेन्द्र कुमार, एसआई फूलन राम, मुन्ना कुमार सिंह, शिव शंकर यादव, विकास कुमार सिंह, चौक थाना के एसआई शशि भूषण सिंह के अलावा खाजेकलां थाना के सिपाही कुतुबुद्दीन अंसारी, ओमप्रकाश और कुंदन कुमार शामिल थे।

### बढ़ते अपराध के खिलाफ कांग्रेसियों ने निकला विरोध मार्च

पटना सिटी, बिहार में बेतहाशा अपराध (लूट, हत्या, चोरी, डकैती) के विरोध में पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों ने विरोध जताया और बिहार सरकार का पुतला फूंका। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुजीत कुमार कसेरा ने कहा कि बिहार में जिस तरह का हत्या व लूट की घटनाएं घटित हो रही हैं, इतना खराब कानून व्यवस्था इससे पहले कभी नहीं रहा है। आए दिन बिहार के कोने-कोने से हत्या और लूट की वारदात घटित हो रही है। वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश कपूर ने कहा कि खासकर राजधानी में जिस तरह हत्या हो रही है, इससे पता चलता है कि अपराधी को पुलिस प्रशासन का भय खत्म हो चुका है। पुतला दहन का संचालन प्रखंड अध्यक्ष शमीम अख्तर एवं अभय जायसवाल ने किया। दोनों ने कहा कि आज पुलिस का डर खत्म हो चुका है। इससे जाहिर होता है कि अपराधी का मनोबल बहुत अधिक बढ़ा हुआ है।पुलिस प्रशासन प्रभावहीन हो चुका है। इसी कारण आज कोई भी अपराधी पुलिस से डर नहीं रहा है। विरोध मार्च में सरकार के विरोध में स्थानीय लोगों के साथ कांग्रेसी नारा लगा रहे थे।

# जौहल के चरणजीत पर लगाए आधारहीन आरोप की भर्त्सना

**किसी पर मामला दर्ज होने से वह अपराधी नहीं हो जाता, जब तक अपराध साबित नहीं होता**

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब पंथ सेवा जत्था और जत्थेबंदी के प्रधान चरणजीत सिंह के खिलाफ आधारहीन आरोपों की कड़ी निंदा पटना साहिब पंथ सेवा जत्था के महासचिव इकबाल सिंह लकी बग्गा ने जारी विज्ञप्ति में किया है। उन्होंने कहा कि तख्तश्री प्रबंधक कमेटी के एक बर्खास्त सदस्य हरपाल सिंह जौहल द्वारा पत्र जार जसमें कमेटी के पूर्व महासचिव चरणजीत सिंह पर आधारहीन आरोप लगाए गए हैं। पंथ सेवक जत्था इस पत्र को दुर्भावनापूर्ण प्रयास के रूप में निंदा करता है। इसका उद्देश्य संस्था और इसके अध्यक्ष चरणजीत सिंह की प्रतिष्ठा को धूमिल करना है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे व्यक्ति, बर्खास्तगी के बावजूद संगत के बीच गलत जानकारी फैला फूट डालने का प्रयास करते हैं। महासचिव के रूप में चरणजीत सिंह की भूमिका को सिख संगत, प्रशासन, धार्मिक नेतृत्व और बिहार की राजनीतिक नेतृत्व भली-भांति जानती है। जिस समय चरणजीत सिंह ने प्रबंधक कमेटी की विशेष बैठक बुलाने के लिए सह-हस्ताक्षरकर्ता के रूप में पत्र पर हस्ताक्षर किया था, तब से उन पर अनुचित तरीके से आरोप लगाए जा रहे हैं। अब वह तख्त पटना साहिब प्रबंधक कमेटी में अपने सहयोगियों की विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए उन पर आधारहीन आरोप लगा रहे हैं। पटना साहिब पंथ सेवक जत्था स्पष्ट करता है कि हम छोटे विवादों में नहीं उलझेंगे और ऐसे निराधार दावों को अपने मिशन से विचलित नहीं होने देंगे। उचित समय पर, उचित मंच पर और सबसे उपयुक्त तरीके से, हम इन आरोपों और इन्हें लगाने वाले व्यक्ति को एक उपयुक्त, सम्मानजनक और चुनौतीपूर्ण जवाब देंगे। तख्तश्री कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष महाराज सिंह सोनू और दीपक सिंह लांबा ने कहा कि हरपाल सिंह जौहल जैसे व्यक्ति, जिसका खुद का कोई अस्तित्व और व्यक्तित्व नहीं है और जो खालसा पंथ के अनुरूप कार्य नहीं करता हो। ऐसे व्यक्ति को संगत रूपी गुरु की सेवा करने वाले चरणजीत सिंह जैसे व्यक्ति पर तथ्यहीन और निराधार आरोप लगाने का कोई अधिकार नहीं है। दरअसल जो पत्र मीडिया को जारी किया गया है, संभवत उसमें हरपाल सिंह जौहल का फर्जी हस्ताक्षर है। वह तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव से मांग करेंगे की वह उक्त जारी पत्र को पुलिस प्रशासन के सुपुर्द करें और उनके हस्ताक्षर की जांच करते हुए कार्रवाई की जाए कि एक साफ आचरण वाले व्यक्ति को अपराधी कह संबोधित करना कहां तक सही है। यह सही है कि उन पर आरोप लगाते हुए चौक थाना में मामला 7/2014 दर्ज किया गया था, मगर न्यायालय ने अभी दोष साबित नहीं किया है और न ही सजा सुनाया है। ऐसे में उन्हें अपराधी शब्द से संबोधित करना नियम अपराध है। वे सब कानूनी परामर्श ले रहे हैं और इस पर आगे कार्रवाई करेंगे।

# जगदेव बाबू के शहादत पर 5 को राजद के प्रदेश कार्यालय में आयोजन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के तत्वावधान में पांच सितंबर को राष्ट्र नायक बिहार लेनिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद का 50वीं शहादत दिवस राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय वीरचंद पटेल पथ में मनाया जाना है। इसकी तैयारी के लिए राजद के कार्यकताओं की बैठक कोइरी हितकारिणी पंचित हाट समिति मुसल्लहपुर हाट के जगदेव कक्ष सभागार में समिति के अध्यक्ष एवं पटना महानगर राजद के प्रधान महासचिव उत्तम मेहता की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व सांसद श्री राजवंशी महतो ने कहा कि जगदेव बाबू ने गरीबों, किसानों, मजदूरो और कमजोर वर्ग के हक-हकूक और उसके इज्जत व रोटी के लिए आजीवन लड़ते रहे।किसान आंदोलन का नेतृत्व करते हुए 5 सितंबर, 1974 में कुर्था ब्लॉक पर पुलिस के गोली से वे शहीद हो गए। बाबू जगदेव प्रसाद कहा करते थे कि पहली पीढ़ी मारे जाओगे, दूसरा पीढ़ी जेल जाओगे और तब तीसरा पीढ़ी राज करोगे। आज उनके शहादत के 50 वर्ष बाद भी यह कथन चरितार्थ हो रहा है। पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य वीरेंद्र कुशवाहा और प्रदेश राजद की उपाध्यक्ष मधु मजंरी ने शहादत दिवस पर राजद प्रदेश कार्यालय में आने के लिए सबों को निमंत्रण दिया। राजद के प्रदेश महासचिव प्रदीप मेहता ने कहा कि आज संविधान और लोकतंत्र दोनों खतरे में है। ऐसी स्थिति में जगदेव बाबू के विचार एवं सिद्धांत की और अधिक प्रासंगिकता बढ़ गई है। संचालन युवा राजद के प्रदेश सचिव संतोष कुमार मेहता ने किया।कार्यक्रम में पूर्व पार्षद शिव मेहता, रामदेव महतो, नंद कुमार वर्मा, अधिवक्ता मनोहर मेहता, अधिवक्ता ओमप्रकाश मेहता, समाजसेवी अमोद कुमार, नंदकिशोर मेहता, अजीत सिंह कुशवाहा, अमन मेहता, ओमप्रकाश सिन्हा, बंगाली प्रसाद कुशवाहा, शेष नारायण मेहता, राजकिशोर सिंह, सुरेंद्र मेहता, रविंद्र सिंह, विनय कुशवाहा, मिथिलेश कुमार वर्मा, मनोहर महतो, चंद्रदीप मेहता, बीजू मेहता, प्रदीप कुमार, अधिवक्ता सिद्धनाथ मेहता, श्याम देव प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### हाई वोल्टेज करंट से कंटेनर ट्रक में लगी आग, चालक की मौत

पटना। बिहटा के अमहरा स्थित हीरो साइकिल फैक्टरी के समीप बिजली के तार के संपर्क में आने से एक कंटेनर ट्रक में आग लग गयी। इस घटना में ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गयी। ट्रक में लुधियाना से साइकिल के पाट्र्स लोडकर लाए जा रहे थे। करीब 16 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। मृतक चालक बिहार के रोहतास जिले का रहने वाला जय प्रकाश राम था। बिहटा हीरो साइकिल फैक्टरी के सिक्योरिटी इंचार्ज जनार्दन तिवारी ने शनिवार को बताया कि बीते शुक्रवार की लगभग रात 01:45 बजे कंटेनर ट्रक लुधियाना से बिहटा हीरो साइकिल फैक्टरी के लिए सामान लेकर पहुंचा था। इस दौरान फैक्टरी के पास पहले से 11 हजार का बिजली का तार टूट कर सड़क पर गिरा हुआ था, जिसके संपर्क में ट्रक चालक ट्रक समेत आ गया। ट्रक के पिछले हिस्से में आग लग गई। आग लगने की खबर हीरो साइकिल फैक्टरी के अधिकारियों और कर्मचारी को दी गई। मौके पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस और दमकल को सूचना दी। इसके बाद आग को बुझाया गया। आईआईटी अमहरा थाना के थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने शनिवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बिजली के संपर्क में आने से आग लग गई। संपर्क में आने से ट्रक का चालक की मौत हो गयी है। उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। क्षति का भी आंकलन किया जा रहा है। करीब 16 लाख का नुकसान बताया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### दुल्हिन बाजार प्रखंड कार्यालय में वितरण किया गया प्रशस्ति पत्र

पालीगंज।दुल्हिन बाजार प्रखंड कार्यालय में शनिवार को मातृत्व वंदन योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाडी सेविकाओ,महिला प्रवेक्षिकाओ को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेणु कुमारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने बतलाई की इस योजना के तहत वैसे आंगनवाडी केन्द्र के लाभार्थी जो गर्भवती माता हैं और उनका पहला संतान बेटा या बेटी होती है तो उन्हे इस योजना के तहत 5000 की राशि और दूसरा संतान बेटी होने पर 6000 सरकार द्वारा लाभुक के खाते में भेजती है। उन्होंने सभी सेविका को निर्देश दी की वे अपने अपने क्षैत्र में इस योजना का लाभ दिलाने में और बेहतर कार्य करें। प्रशस्ति पत्र पाने वाले महिला प्रवेक्षिका प्रिया कुमारी,मनोरमा कुमारी,माधुरी कुमारी और सेविका सरिता देवी प्रेमलता राय, पिंकी ,अंजनी, कल्पना, सुलेखा, गुडिया, मनिता, रंजू कुमारी के साथ कई सेविकाए सामिल हुई।

# मानव को तीन तापों से मुक्ति दिलाती है भगवान श्री कृष्ण की कथा : युवाचार्य संत विवेक मुनि



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कबीर पंथी आश्रम मीठापुर के कबीर साई मन्दिर प्रांगण में मंहथ ब्रजेश मुनि महाराज जी के पावन सानिध्य में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर श्रीकृष्ण लीला कथा का मंगलाचरण करते हुए, युवाचार्य संत विवेक मुनि महाराज ने श्रीमद भागवत के प्रथम श्लोक सच्चिदानन्दरुपाय विश्वोत्पत्यादि हेतवे, तापत्रय विनाशाय श्रीकृष्णाय वय नुमः गाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों तापों से मुक्ति दिलाती है। ऐसे मुक्तिदाता भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाने से भगवान की कृपा प्राप्त होती है। भगवान श्रीकृष्ण के अवतार का प्रयोजन बताते हुए विवेक मुनि ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की उक्ति है। परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्। धर्मसंस्थापनार्थ विनाशय संभवामि युगे युगे ।। साधु सज्जन जनों की आसुरी शक्तियों की त्रास से, त्राण दिलाने के लिए दुष्ट कर्म करने वाले, दुष्टो का नाश करने के लिए श्री हरि, हर युग में अवतार ग्रहण करते हैं। अन्य अवतार और कृष्णा अवतार में अंतर यह है कि अन्य सभी अवतार अपने अपने गुणों के साथ अवतार ग्रहण किया। भगवान श्री कृष्ण ही एक मात्र पूर्ण अवतार हुआ है। जो 16 कला संपन्न है। भगवान श्रीकृष्ण वर्तमान, देश, काल और परिस्थिति में मानव मात्र के लिए जीवनोपयोगी हो गया है, भगवान श्रीकृष्ण का उपदेश। इस अवसर पर संत अशोक दास, डॉ इंद्रजीत कुमार, चंदन सर, संत महेश मुनि, संत कौशल मुनि, बाल संत आयुष कुमार, बाल संत रामदास आदि भक्त हंस जनों की उपस्थिति थी कार्यक्रम के अंत में भागवत जी की आरती कर, प्रसाद वितरण किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मधुबनी में मॉडल अस्पताल में लगी आग लाखों की मेडिकल उपकरण जलकर हुआ राख

मधुबनी सदर हॉस्पिटल के नवनिर्मित भवन में शॉर्ट सर्किट से लगी भयानक आग बताया जा रहा है कि 20से 30 लाख के करीब मेडिकल उपकरण जलकर राख हुआ है राख मौके पर पहुंचे कई दमकल की गाड़ियों ने पहुंचकर घंटो मसक्त के बाद पाया काबू अस्पताल के दूसरी मंजिल पर ओटी सहित दो कमरे में लगी थी आग सविल सर्जन ने घटना की सूचना पाते हैं मौके पर पहुंचे और जांच का दिए आदेश। आग में काबू पाने के बाद बताया जा रहा है कि शॉट सर्किट से लगा है आग बाकी आगे का जांच चल रहा है।

### जयनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी को रामप्रसाद राऊत ने एक ज्ञापन समर्पित किया

मधुबनी विश्व गुरु भारत सेवा संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत और सचिव बिहार कुमार के द्वारा जयनगर प्रखंड के अंतर्गत वृक्षारोपण करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन को एक ज्ञापन समर्पित कर बोले 1500 फलदार वृक्ष उपलब्ध कराने को लेकर आग्रह किये ताकि सभी गांव-पंचायतों में वृक्षारोपण कार्यक्रम कर सके।मौके पर श्री राऊत ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम अत्यंत ही जरूरी है क्योंकि एक वृक्ष सौ पुत्रो के समान होता है इसीलिए सभी को वृक्षारोपण करना चाहिए।

### पुलिस ने शराब किया बरामद

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के खरसंड पूर्वी गांव के एक आम के बगीचे से पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर विदेशी शराब बरामद किया है। वहीं एल टी एफ टीम के प्रभारी विनोद यादव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार 81लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष विकास केशव ने बताया उत्पाद अधिनियम के तहत आगे कार्रवाई करने की बात कही है।

### झलकियां से बच्चों ने मोहा मन

कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के लदौरा गांव स्थित अनुभव प्ले स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण के परिधान में झलकी प्रस्तुत कर वहां उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कृष्णाष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने ऐसा समां बांधा की वहां उपस्थित दर्जनों अभिभावक व स्थानीय लोगों ने तालियों से बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में कार्यक्रम की झलकियों को प्रस्तुत करने कि कला का विस्तार भी होना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय के इस पहल की काफी सराहना किया। कार्यक्रम में शिक्षिका आभा सिंह, नाजिया, सपना, सिल्की, स्वेता, प्रभात सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अपहरण मामले के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुरपुलिस ने हायाघाट थाना क्षेत्र के खगराही गांव से पोक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार करने का मामला प्रकाश में आया है। गिरफ्तार आरोपी खगराही गांव के अरुण कुमार राय के पुत्र सुमन कुमार के रूप में की गई। वहीं पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कल्याणपुर थाना में नामजद आरोपी था।जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया।वहीं अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा ने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आगे के लिए समस्तीपुर न्यायालय भेजने की बात कही।

### 29 अगस्त को प्रदर्शन को लेकर सीपीआईएम की हुई बैठक

विभूतिपुर/समस्तीपुर सीपीआई एम की भुसवर, पतैलिया एवं कोरबधा शाखा की बैठक ब्रह्मदेव महतो ,अखिलेश सिंह , जगदीश साह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में विभिन्न जन मुद्दों को लेकर 29 अगस्त को विभूतिपूर प्रखंड कार्यालय पर होने वाले विशाल प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य सह विभूतिपुर विधायक अजय कुमार, जिला सचिव मंडल सदस्य महेश कुमार, विश्व नाथ महतो ,राजगीर यादव , राम बालक सहनी,सुरेश महतो, पंकज कुमार,रमिया देवी, महाजनि देवी, लक्ष्मी कुमारी, राम कुमार,अशोक सहनी,दिलीप राय ,राम बिलास शर्मा ,सुरेश राम, लक्ष्मी राय, राज कुमार , दिनेश पासवान आदि ने संबोधित किया।

# कोई भी व्यक्ति मिस कॉल के माध्यम से भाजपा का सदस्य बन सकता है : धीरेन्द्र सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। भारतीय जनता पार्टी जिला की बैठक अध्यक्ष जीवछ साहनी के अध्यक्षता में जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 1 सितंबर से भाजपा सदस्ययता अभियान शुरू करने का निर्माण लिया गया गया। जिसमें दरभंगा इस लक्ष्य में सर्वोपरि हो इसके लिए सभी मंडल को लक्ष्य के साथ प्रतिक्षण दिया गया ।पूरे राष्ट्र में भाजपा 10 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है ।जिलाध्यक्ष जीवछ सहनी ने बैठक में सदस्यता अभियान की प्रक्रिया नियम तकनीक और समय सारणी पर विस्तार से चर्चा किए। प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुख्य अतिथि धीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि यह बैठक कार्यशाला के रूप में हुई बैठक में 5 तरीके से सदस्य बनाने का फैसला किया गया ।इसके तहत कोई भी व्यक्ति मिस कॉल के माध्यम से सदस्य बन सकता है इस बार क्यूआर कोड और नमो ऐप को सदस्यता अभियान में शामिल किया गया है। इसी तरह से भाजपा की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से सदस्य बना जा सकता है। सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा की भाजपा का सदस्यता अभियान सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी होगा ।इसका मूल उद्देश्य भाजपा की राष्ट्रप्रथम की विचारधारा का जनता के बीच विस्तार करना है। दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी ने कहा भाजपा के पूरा जोर बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने की होगी ।सदस्यता अभियान के दौरान राष्ट्रीय से लेकर मंडल स्तर तक के नेता संबंधित क्षेत्र में प्रवास कर उसकी निगरानी करेंगे।नगर विधायक ने सभी कार्यकर्ता को समर्पण और उत्साह के साथ जुड़ कर लक्ष्य को भेदने का आह्वान किया ।केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने कहा पार्टी के कार्यकर्ता लोगों के दुख दर्द में शामिल होकर उन्हें न केवल पार्टी से जोड़ने का काम करें बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए भी संघर्ष करें। सदस्यता अभियान के क्षेत्रीय प्रभारी सह प्रदेश मंत्री रत्नेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पार्टी के लिए सदस्यता अभियान हर व्यक्ति तक पहुंचने का माध्यम है ।प्रत्येक बूथ पर जाकर कम से कम 200 सदस्य बनाएं ,इससे सदस्य भी बनेगा ,बूथ भी सक्रिय होगा हर मतदाता भाजपा का सदस्य होगा। कार्यक्रम का संचालन सुजीत मल्लिक ने किया। इस बैठक में जिलाप्रभारी उमेश कुशवाहा ,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह,अभय झा ,विजय चौधरी,मनीष जायसवाल,अंकुर गुप्ता ,सपना भारती,नरेश राम,देवेंद्र झा ,संजीव साह ,अंजनी निषाद ,राजेश रंजन,अशोक नायक,तनवीर हसन,सचिन जैन ,बिना देवी,रिंकू देवी,संतोष पोद्दार , वीणा पांडे, पप्पू गुप्ता ,बबलू झा ,वीणा मिश्रा,आरती कुमारी,मीरा देवी, रुना झा,आकांक्षा झा ,राखी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी व वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी किया गया संयुक्त आदेश



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील है। इसलिए इस पर्व पर विशेष निगरानी एवं सतर्कता बरतने की आवश्यक है ।जिला दण्डाधिकारी राजीव रौशन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उक्त पर्व के अवसर पर गुप्त सूचना संग्रहण करना स्थानीय पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण दायित्व होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त होती है, तो उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसकी सूचना तुरंत जिला दण्डाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य में सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारी,कर्मचारी,ग्राम सेवक,पंचायत के मुखिया,सरपंच एवं अन्य लोगों का भी सहयोग ले सकते हैं। सभी थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि इस कार्य में थाना के चौकीदार,दफादार को लगाना सुनिश्चित करेंगे तथा विशेष शाखा के पदाधिकारी से निरन्तर सम्पर्क में रहेंगे। इसके साथ ही सभी थानाध्यक्ष,ओ.पी. अध्यक्ष अपने-अपने थाना क्षेत्र में साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों की सूची पूर्व से ही तैयार कर लेंगे, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर उनके विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके ।श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दरभंगा, समाहरणालय में 26 अगस्त से 27 अगस्त तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यत रहेगा, जिसका दूरभाष संख्या 06272-240600 है ।जिला अग्निशमन पदाधिकारी, दरभंगा को निर्देश दिया गया है कि उक्त त्योहार के अवसर पर अग्निशमन दस्ता की एक टुकड़ी को जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करें।

## वक्फ संशोधन बिल को वापस लेकर उसके मौजूदा स्थिति को बनाए रखने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस ए मुशावरत के राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं महासचिव मोहम्मद इश्तेयाक ने केंद्रीय मंत्री सह हाजीपुर सांसद सह लोजपा (आर) सुप्रीमो चिराग पासवान एवं उनके सभी चारो सांसद वीणा देवी, शांभवी चौधरी , राजेश वर्मा एवं अरुण भारती को पत्र लिख कर केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए वक्फ संशोधन बिल के सभी असंवैधानिक और मुस्लिम अल्पसंख्यक विरोधी प्रविष्ठियों एवं प्रस्ताव पर कड़ी आपत्ति दर्ज की है ।मोहम्मद इश्तेयाक ने लोजपा (रामविलास) के सभी सांसदों से मांग की है कि इस विवादास्पद बिल को वापस लेने एवं इसे मौजूदा स्थिति में ही बहाल रखने के लिए सरकार के साझदार होने के नाते एनडीए सरकार पर दवाब बनाए। मुशावरत बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए मोहम्मद इश्तेयाक ने चिराग पासवान एवं लोजपा (रामविलास) के सभी सांसदों से पत्र के माध्यम से संवाद कर कहा है कि प्रस्तावित वक्फ संशोधन बिल 2024 संविधान के प्रस्तावना के विपरीत मुसलमानो एवं धार्मिक अल्पसंख्यक के उसके धार्मिक अधिकार को नष्ट करने का कुत्सित और कुंठित प्रयास है। मुसलमानो के धार्मिक अचल संपत्तियों एवं इबादतगाह जो सैकड़ों वर्षों से पूर्वजों द्वारा धार्मिक और कल्याणकारी कार्यों हेतु संरक्षित (वक्फ) किया गया है, उसे अवैध कब्जाधारियों और कॉरपोरेट माफियाओं को बंदरबांट करने की योजना है। उन्होंने कहा है कि वक्फ संपत्तियों का संरक्षण , संधारण, नियंत्रण, प्रशासन,प्रबंधन एवं विनियमन की शक्ति सभी राज्यों के वक्फ बोर्ड को निहित है जिसे एक स्वशासी एवं स्वत्त संस्थान के प्रकृति एवं स्थिति में राज्यों के विधानमंडलों के एक्ट से प्राप्त है। वक्फ बोर्ड (शिया एवं सुन्नी) के शक्ति को कम करना ,ट्रिब्यूनल व प्राधिकार को खत्म करना , बोर्ड के शासी निकाय में गैर मुस्लिम, गैर मुस्लिम अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक समुदाय को शामिल करने जिसे प्रावधानों के द्वारा बोर्ड के अल्पसंख्यक चरित्र और स्थिति को निष्प्रभावी और खत्म करने की साजिश है। उन्होंने ने यह भी याद दिलाया है कि बहुसंख्यक के धार्मिक संस्थान, मठ ,न्यास एवं बोर्ड के शासी निकाय में किसी भी धार्मिक अल्पसंख्यकों के व्यक्ति को शामिल करने का प्रावधान नहीं है। वक्फ संपत्तियों के विवाद के निपटारा के लिए गठित वक्फ ट्रिब्यूनल द्वारा वादों का निष्पादन निचले स्तर पर ही कर दिया जाता है ताकि उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय पर भाड़ कम पड़े ।ट्रिब्यूनल के चेयरमैन न्यायधीश या सेवानिवृत न्यायधीश ही होते हैं , इस प्रकार जिला पदाधिकारियों को इसकी शक्ति देना भ्रष्टाचार ,पक्षपात , राशुखदारों का अनुचित दबाव, हीलाहवाली और कार्यशिथिलता जैसी नकारात्मक कार्यशैली को बढ़ावा देगा जो वक्फ संपत्तियों के साथ न्याय नहीं कर पाएगा। मोहम्मद इश्तेयाक ने सुझाव दिया कि राज्य सरकारों के बहुत से विभागो के तर्ज पर जिलावार गठित प्राधिकारों की तरह जनता के सुविधा के मद्देनजर वक्फ टिब्यूनल का भी गठन जिलावार अथवा प्रमंडलवार किया जा सकता है ताकि कब्जाधारियों को उनके नजीदी क्षेत्र या जिला में ही वाद का निपटारा हो सके। उन्होंने ने कहा कि मौजूदा वक्फ अधिनियम 1995 में संशोधन कर और भी अनेक प्रविष्टियां शामिल किया गया है जो मुसलमानो के संविधान प्रदत्त धार्मिक अधिकार,धार्मिक मान्यताओं/ आस्था , इबादत स्थलों एवं सामुदायिक संपत्तियों को छीनने की साजिश से प्रेरित है। मोहम्मद इश्तेयाक ने वैशाली - हाजीपुर संसदीय क्षेत्र का स्थाई निवासी होने के नाते लोजपा (आर) सुप्रीमो चिराग पासवान को याद दिलाते हुए लिखा है कि आपकी पार्टी एवं आपके पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान जी का मुसलमानो के हक और अधिकार के प्रति संवेदनशीलता और आवाज बुलंद करने का विरासत रहा है। इसलिए इस असंवैधानिक वक्फ संशोधन बिल 2024 के प्रावधानों का अध्यन कर इसके अवैध प्रविष्टियों को पूरे प्रखरता से खारिज करवाने का कष्ट करेंगे और मौजूदा वक्फ अधिनियम 1995 को ही प्रभावी बनाए रखेंगे।

## हक दो ,वादा निभाओ अभियान के तहत भाकपा माले ने किया धरना - प्रदर्शन




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट प्रखंड मुख्यालय पर हक दो, वादा निभाओ अभियान के तहत भाकपा माले ने धरना प्रर्दशन किया। सैंकड़ों की संख्या में पहुंचे भाकपा माले के महिला व पुरुष कार्यकताओं ने कार्यालय का काम काज बाधित कर दिया। कार्यालय के दरवाजे पर बैठकर बैनर व झंडा लेकर जमकर नारेबाजी की। भाकपा माले के प्रखंड सचिव जितेंद्र यादव ने बताया की डबल इंजन की सरकार गरीबों के साथ खेलवार कर रही है। आवास योजना, पीडीएस खाद्यान्न योजना समेत अन्य सभी योजनाएं भ्रष्टाचार से लिप्त है। बिना रुपया दिए प्रखंड व अंचल कार्यालय में एक भी लाभुकों का काम नहीं होता है। कई वर्ष पूर्व सरकार भूमिहीनों को बसाने के लिए पांच डिसमिल जमीन देने की योजना बनाई गई। लेकीन यह धरातल पर कहीं नहीं दिख रहा है। बिहार में 95 लाख से अधिक परिवारों का वार्षिक आय 72 हजार से भी कम है। वैसे परिवारों को चिन्हित कर रहे उन्हे लघु उद्योग योजना के तहत दो लाख रुपए उपलब्ध कराने। पक्का आवास विहीन परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया जाए, लोक सेवा अधिकार के तहत ऑन लाइन आवेदन करने की प्रक्रिया बंद कर ऑफ लाइन करने, भूमिहीनों को बसने की जमीन उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसके साथ ही लघु उद्योग योजना से संबंधित करीब 15 सौ से अधिक आवेदन प्रखंड कार्यालय में जमा कराया गया। उन्होंने बताया की इससे संबंधित चार सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्मार पत्र भी सौंपा गया है।

## शंभु अगेही एक संवेदनशील साहित्यकार थे : चितरंजन सिन्हा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।बहुभाषाविद् साहित्यकार शंभु अगेही की आठवीं पुण्यतिथि शुभंकरपुर स्थित स्नेह अगेही शिक्षण संस्थान में हिन्दी समाहार मंच के तत्वावधान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कानपुर से आये गीतकार अजीत सिंह राठौर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर स्नेह अगेही वेल्फेयर ट्रस्ट, दरभंगा की ओर से बिहार के यशस्वी साहित्यकार चितरंजन सिन्हा ह्यकनकऋ को जीवनोपलब्धि अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं इस अवसर पर बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब के आये हुए बयालीस साहित्यकारों को स्नेह अगेही शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहित्यकार चितरंजन सिन्हाह्नकनक ने कहा कि शंभु अगेही एक संवेदनशील साहित्यकार थे। उन्होंने हिन्दी, बज्जिका, मैथिली आदि में रचनाकर साहित्य की बहुभाषाविद के रूप में सेवा की। साथ ही साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में पुस्तक लिखकर साहित्यकारों को प्रेरणा दी है। मुख्य वक्ता डॉ. शारदाचरण ने कहा कि अगेही जी का स्मरण करने से उनके लंबे साहित्य साधना का अवलोकन होता है। हमलोगों को उनकी साहित्यिक कृति को पाठकों तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए।अध्यक्ष अमरेश्वरी चरण सिन्हा ने कहा कि शंभु अगेही एक कर्मयोगी थे। उन्होंने शिक्षण कार्य के साथ साहित्य की भी अद्वितीय सेवा की। मौके पर प्रसिद्ध आलोचक बिनोद कुमार सिन्हा,चंद्रेश , दामोदर कमालपुरी , बिनोद कुमार झा, साहित्यकार उदयनारायण सिंह, नारायण उदय,बालेन्दु झा बाला, रमेश प्रसाद सिन्हा, ,आनंद कुमार सिन्हा, ज्वालासांध्यपुष्प आदि ने बिचार व्यक्त किया। विचार गोष्ठी के पश्चात विद्यानंद दास की पुस्तक योग रहस्य, ज्वालासांध्यपुष्प की बज्जिका पुस्तक चेथरू कक्का एवं अमिताभ कुमार सिन्हा संपादित पत्रिका बज्जिका पतोखा का लोकार्पण मंचस्थ अतिथियो ने किया। द्वितीय सत्र में सर्वभाषा कवि सम्ममेलन आयोजित किया गया। नैना साहु,डॉ मनोज कुमार अजीत सिंह राठौर, उदय नारायण उदय, मनोज कुमार, डॉ सतीश चंद्र भगत, साधना भगत,विकास कुमार विधाता,सुरेश कुमार वर्मा,कृष्ण कुमार क्रांति, बच्चा प्रसाद विहवल, शेखर कुमार श्रीवास्तव,इंदिरा भारती, राम बाबू सिंह, हरिनारायण सिंह हरि आदि कविता पढा। कार्यक्रम का संचालन नंद किशोर साहु, स्वागत अमिताभ कुमार सिन्हा व धन्यवाद ज्ञापन आशीष अकिंचन ने किया।

## महात्मा गॉधी शिक्षण संस्थान में राधा कृष्ण रूप सज्जा व कविता पाठ आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। महात्मा गॉधी शिक्षण संस्थान के दोनों शाखाओं में राधा कृष्ण रूप सज्जा एवम् कविता पाठ का आयोजन श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गांधी विहार शाखा में प्रबंधक राजीव कुमार, समन्वयक श्रावणी शिखा और सी सी ए प्रभारी बैद्यनाथ झा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रबंधक राजीव कुमार अपने उद्घाटन उद्बोधन में बोलते हुए कहा कि कविता रचना और पाठ बच्चों में सृजनात्मकता का विकास करता है साथ ही अपनी संस्कृति और सभ्यता को जोड़ने में सहायक होता है ।समन्वयक श्रावणी शिखा ने अपने संबोधन में कहा कि समय समय पर इस तरह के आयोजन से बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ चतुर्दिक विकास भी होता है। वहीं वाजितपुर शाखा में प्राचार्य आलोक कांति दास, प्रशासक अजय झा सी सी ए प्रभारी कविता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत रौशनी संजय मिश्रा और आर्चिस्मिता दास द्वारा भक्ति गीत की प्रस्तुति से की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य और प्रशासक ने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों में होने वाली लाभ से अवगत कराया और जागरूक किया।नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए राधा कृष्ण रूप सज्जा एवम् फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और तृतीय से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए राधा कृष्ण विषय पर कविता पाठ का आयोजन किया गया था। मंच का संचालन सी सी ए प्रभारी कविता पटेल और कुमारी सौम्या चौधरी द्वारा किया गया। राज किशोर झा के धन्यवाद ज्ञापन उपरांत कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम संचालन में उदय सिंह, निरंजन झा, आशुतोष झा, रामाशीष पासवान, कविता कुमारी, सरिता श्रीवास्तव, इप्शिता, पूजा, स्वाति, तलत, राजीव रंजन, राकेश रौशन ठाकुर सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## अनसुलझी उलझन की बातें कविता संग्रह का हुआ लोकार्पण

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। कविता का जन्म भावना से और भावना का उद्देश्य करुणा से है। इस पुस्तक का जन्म ही करुणा से हुआ है। आज के भौतिक समय में भावना कहीं दूर चली गई है। ये बातें पूर्व प्राध्यापक डॉ. भगवान लाल सहनी ने कही। वे आरबीबीएम कॉलेज कॉलेज के सभागार में आयोजित पुस्तक लोकार्पण समारोह में संबोधित कर रहे थे। शाकुंतलम कला संस्कृति मंच की ओर से आयोजित इस समारोह में ह्यअनसुलझी उलझन की बातेंऋ नामक कविता संग्रह का लोकार्पण किया गया। डॉ. सहनी ने कहा कि इस कविता संग्रह में सनातन तत्व मौजूद हैं। सनातन संस्कृति का प्रारंभ ही परिवार से होता है। इस किताब की कविताओं में मां की गोद भी है और पिता की चिता भी।आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ममता रानी ने कहा कि इस संग्रह की कविताओं में देशज शब्दों का बखूबी इस्तेमाल किया गया है। कविताओं में लेमनचूस, किनने, चाउर, भात, टीशन, कचरी-प्यजुआ, खेलौना-फुलौना, टीसन जैसे देसी शब्द लिखे गए हैं जो पाठक को सीधे अपनी माटी से जोड़ रहे हैं। पूर्व उपमेयर विवेक कुमार ने कहा कि रचनाकार ने आम इंसान की भावनाओं को इस किताब में बखूबी समेटा है। हृदया प्रियदर्शी ने उपस्थित श्रोताओं को किताब में लिखी कविता ह्यकोई ऊंच कहे कोई नीच कहे, कोई रंगभेद का मान करे, बंदे हम सब भगवान के हैं, फिर अंतर क्यों इंसान करे सुनाई। वहीं, किताब के लेखक अभिषेक प्रियदर्शी ह्यराहीऋ ने मां व पिता को समर्पित कविताओं का सस्वर पाठ किया। उन्होंने कहा कि इस कविता संग्रह का ऑडियो बुक बहुत जल्द ही इंटरनेट पर उपलब्ध हो जाएगा।समारोह का संचालन मनोज कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन चित्राचार्य मुकेश सोना ने किया। समारोह में डॉ. बिनीता रानी, भोला चौधरी, सुमित कुमार ठाकुर, अविनाश तिरंगा, ब्रजेश कुमार, डॉ. नीलू झा, डॉ. रामेश्वर राय, डॉ. चेतना वर्मा, विशाल कुमार, राजीव रंजन, डॉ. सुजाता सिन्हा, अनिल कुमार, शक्ति सौरभ, आदर्श रंजन, महालक्ष्मी, आस्था प्रतीक आदि शामिल रहे।

## थाना परिसर में आगामी पर्व जन्माष्टमी चेहल्लुम को लेकर शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी निरंजन कुमार के अध्यक्षता,प्रभारी थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई आगामी पर्व कृष्णा अष्टमी,चेहल्लुम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई,बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति एवं जनप्रतिनिधि लोग उपस्थित थे जहां पर्वो को मध्य नजर रखते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अपने अपने क्षेत्र में आपसी तालमेल व भाईचारे सौहार्दपूर्ण वातावरण में आने वाले पर्व शांति पूर्ण संपर्ण कराने को लेकर की अपील। विधि व्यवस्था बनी रही को लेकर की अपील। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी निरंजन कुमार, एसआई रुचि कुमारी के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी,जिला परिषद पति मधु राय,प्रभात रंजन नरेंद्र कुमार चौरसिया,रियासत अली उर्फ कल्लू,जिला परिषद उमर अंसारी,चंद्र किशोर मंडल, भारत पंडित,पिंटू कुमार यादव, पूनम देवी,मो शमीम, ललित कुमार यादव, हेमंत कुमार पासवान नितेश कुमार,मो गुलाम कमल नाथ झा,धीरज कुमार, गौरी शंकर कुमार, बदरुलहक, विजय कुमार मिश्रा,चंदन मिश्रा, सत्लखा सरपंच संजीव मिश्रा, उमेश पासवान सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भाकपा माले ने आठ सुत्री मांगों को लेकर अंचल कार्यालय का घेराव , घंटों कार्य रहा बाधित

प्रात : किरण संवाददाता




विभूतिपुर/समस्तीपुर भाकपा माले का हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत अंचल कार्यालय को घेराव किया। जिसके कारण अंचल कार्यालय में कार्य घंटा बाधित रहा। बता दें कि आठ सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले ने प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय पर पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने अंचलाधिकारी के घेराव करते हुए अंचलाधिकारी से सभी गरीबों को 72000 से कम का आय प्रमाण पत्र निर्गत करने , छूटे हुए गरीबों को सर्वे कर प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान बनवाने, शौचालय के भुगतान में 3000 घूस लेने को बंद करने,स्मार्ट मीटर योजना को वापस लेने, 200 यूनिट बिजली फ्री देने,सभी भूमिहीन को सर्वे कर पांच डिसमिल जमीन देने, गरीबों को आर्थिक सहायता हेतु बिहार लघु उद्यमी योजना अंतर्गत 200000 देने की मांग की। साथ ही सरकार से यह मांग की गई की बिहार लघु उद्यमी योजना का पोर्टल खोलकर आवेदन लेने की मांग की गई । वहीं अंचलाअधिकारी रणधीर रमन प्रदर्शनकारियो को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया कि आपका 1200 से ज्यादा आवेदन हम जमा लिय है ऑनलाइन करवा कर आय प्रमाण पत्र निर्गत करेंगे। वहीं एक सभा हुई। सभा की अध्यक्षता महेश कुमार ने की।सभा को भाकपा माले के जिला अस्थाई समिति सदस्य ललन कुमार, प्रखंड सचिव अजय कुमार, प्रखंड कमेटी सदस्य लक्ष्मी नारायण सिंह, बैजनाथ महतो, भोला चौधरी, वीरेंद्र कुमार, तेज नारायण सिंह, नंदकुमार, विपिन चौधरी, मोहम्मद एजाज उल, शंभू राय, रामकुमार चौरसिया, अमरजीत यादव, कपिल कुमार महतो, रंजीत कुमार, विजय कुमार, मनोज कुमार, धर्मेंद्र सदा आदि ने संबोधित किया।

## गर्दन पर चाकू सटाकर पटवन का मोटर खोला, दूसरे दिन घर में घुसकर किया मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर चाकू सटाकर मोटर खोलने व मारपीट करने को लेकर वाजिदपुर बम्बैया वार्ड 16 निवासी जगदेव राय ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें गांव के ही प्रमोद राय, लखन राय, सुबोध कुमार एवं एक अज्ञात को नामजद किया है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़ित ने बताया कि 19 जुलाई की रात्रि मैं खेत पटवन कर रहा था। तभी प्रमोद राय एवं एक अज्ञात व्यक्ति आया। मेरे साथ मारपीट किया एवं गर्दन पर चाकू सटाकर मोटर खोलकर लेकर चला गया है। दूसरे दिन हम लोग उसके घर जाकर मोटर देने के लिए कहा तो मोटर नहीं दिया एवं धमकी दिया। 10 मिनट बाद उपयुक्त नामित सभी मेरे घर में घुसकर मेरे पुत्र पुत्रवधू के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों के जुटते देख सभी भाग गया। ग्रामीणों के सहयोग से मेरे परिजनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## राम जानकी मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा जन्माष्टमी पर्व : संजय यादव

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी हरलाखी प्रखंड क्षेत्र स्थित श्री राम जानकी मंदिर जिरौल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव काफी समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है। इसको लेकर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा लगातार तैयारी की जा रही है। मंदिर के अध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि जन्माष्टमी महोत्सव के चलते मंदिर में छः दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।इसी कड़ी में 26 अगस्त को भव्य कलश यात्रा व जन्मोत्सव का कार्यक्रम एवं भजन गायक साहिल और दीपक सांवरिया अपनी मधुर आवाज से मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध करेंगे। वही 27 अगस्त को भगती जागरण का गुणगान करेंगी। 28 अगस्त को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम। इसके साथ ही 29 अगस्त को भजन गायक रवि आहूजा श्री कृष्ण लीलाओं का वर्णन करेंगे। 30 अगस्त को आर्केस्ट्रा का प्रोग्राम ,31 अगस्त को भव्य मटका फोर कार्यक्रम वही कमिटी से सचिव दीपक कुमार ने बताया कि 26 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसको लेकर मंदिर में सभी तैयारियां जोरों शोरों से की जा रही है। जन्माष्टमी पर्व पर भगवान श्री कृष्णा सहित अन्य सभी आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएगी। वही कोषाध्यक्ष बताया कि जन्माष्टमी के दिन शाम 6 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। जन्माष्टमी महोत्सव के समापन पर विशाल भंडारा लगाया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल होकर अपने जीवन को धन्य बनाएं मौके पर सभी रहे उपस्थित।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, रविवार, 25, 2024



# इनर व्हील क्लब द्वारा हुआ तीज पर्व का रंगारंग कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता



गया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी इनर व्हील क्लब ऑफ गया कि महिलाओं ने पूरे धूमधाम के साथ तीज का कार्यक्रम किया गया है।जिसकी सूत्रधार पीडीई शुभ्रा गुप्ता तथा नीला मुखर्जी रही । सबसे पहले अध्यक्ष ने सभी का स्वागत कर तीज की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि तीज का पावन व्रत पति की लंबी उम्र की कामना तथा घर परिवार की सुख समृद्धि के लिए महिलाएं पूरे मनोयोग से रखती हैं। तत्पश्चात क्लब की सदस्यो द्वारा पारंपरिक व आधुनिक दोनों तरह के नृत्य प्रस्तुत किए गए हैं।ऐ गिरी नंदिनी पर सुवर्णा तथा उनकी बेटी अदिति द्वारा भक्ति विभोर प्रस्तुति दी गई है। रंगीलो मारो ढोलना पर श्वेता और उसकी बेटी आराध्या ने एवं अध्यक्ष तृप्ति और उनकी बेटी लाइशा ने ह्यवाजले की बारह ह्य नृत्य पर सभी झूम उठे हैं।पीडीसी अंजना पोद्दार किरण प्रकाश और ऋतु डालमिया ने दिल को छू लेने वाली प्रस्तुति दी है 'राखी भदानी, शीतल गुप्ता, सीमा भदानी , डॉली सिंह ,सारिका कंधवे आशा कंधवे, विमी लोहानी, शुभ्रा गुप्ता, नीलम मुखर्जी ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई है । इस बार का कार्यक्रम प्रॉप स्पेशल था।पंखुड़ी वर्मा ने व्यंग्यात्मक कविता कर माहौल को बहुत ही हल्का-फुल्का बनाया है बाद में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी सदस्यों तथा अतिथियों के लिए करवाया गया था। आईडब्ल्यूसी क्वीन - डॉ. मंजू सिन्हा को कई वर्षों से क्लब के लिए उनके अमूल्य योगदान के लिए दिया गया है।सर्वश्रेष्ठ नेल आर्ट -रुचि प्रसाद,चूड़ियां - रोजी भदानी और लीना गुप्ता, श्रृंगार-नीति भदानी, हेयर स्टाइल- अलका तरवे,मेहंदी - रंजुला नंदन,पोशाक - पी.तृप्ति गुप्ता और अंकिता गुप्ता को मिला है।राखी भदानी द्वारा गेम का आयोजन करवाया गया था। जिसमें आशा कंधवे को प्रथम एवं लाइशा गुप्ता को द्वितीय पुरस्कार मिला है।अंततः वोट का थैंक्स सचिन आभा सिंह द्वारा दिया गया इसमें उन्होंने शिवानी आनंद को पूरा कार्यक्रम अपनी ओर से करवाने के लिए धन्यवाद दिया है।इस कार्यक्रम में शीतल गुप्ता का भी सहयोग मिला है। विशेष अतिथि के रूप में मिसेज आरती सिंह, मिसेज नेहा राजन और मिसेज तान्या जायसवाल शामिल हुई है।इस क्लब के सभी वरिष्ठ सदस्य पदाधिकारी उनके परिवार तथा मित्र सहित कुल सौ महिलाएं कार्यक्रम का हिस्सा बनी है।

# स्व अरुण जेटली की 5वीं पुण्यतिथि मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता

गया। पूर्व कानून मंत्री भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिवंगत अरुण जेटली का 5वीं पुण्यतिथि पर भाजपा किसान मोर्चा बागवानी प्रकोष्ठ के कार्यालय में डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं के द्वारा अरुण जेटली के चित्र पर माला पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की है । इस अवसर पर किसान मोर्चा बागवानी प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा भारत के एक प्रमुख राजनीतिज्ञ और वकील थे। वे भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेता रहे और भारत सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है । उनका जन्म 28 दिसंबर 1952 को नई दिल्ली में हुआ था। जेटली ने दिल्ली विश्वविद्यालय से अपनी शिक्षा पूरी की और वहाँ छात्र राजनीति में,सक्रिय भूमिका अरुण जेटली ने दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से वाणिज्य में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और फिर दिल्ली विश्वविद्यालय से लॉ कानून की पढ़ाई की है।

वे छात्र राजनीति में भी काफी सक्रिय थे और 1974 में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष बने। अरुण जेटली ने अपने राजनीतिक कैरियर की शुरूआत भारतीय जनसंघ से की, जो बाद में भारतीय जनता पार्टी में परिवर्तित हो गई है। 1975 में, आपातकाल के दौरान, उन्हें 19 महीनों के लिए जेल भेजा गया था। इसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गए और पार्टी के विभिन्न पदों पर कार्य किया गया है।

अरुण जेटली ने 2000 से 2004 तक अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य किया है। 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार में वे वित्त मंत्री और रक्षा मंत्री बने। उनके कार्यकाल में कई आर्थिक सुधारों को लागू किया है।जिनमें वस्तु एवं सेवा कर का क्रियान्वयन, दिवाला और दिवालियापन संहिता और नोटबंदी शामिल हुए अरुण जेटली एक कुशल वकील भी थे और उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों में सुप्रीम कोर्ट में अपनी दलीलें दीं। उनके कार्यकाल के दौरान,उन्होंने न केवल भारत की आर्थिक नीति को आकार दिया, बल्कि कानून और न्यायपालिका में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।अरुण जेटली का विवाह संगीता जेटली से हुआ था,और उनके दो बच्चे हैं,एक बेटा और एक बेटी। जेटली का स्वास्थ्य 2018 के बाद से ठीक नहीं था,और कई चिकित्सीय उपचारों के बाद, उनका निधन 24 अगस्त 2019 को नई दिल्ली में हुआ श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ,जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर ,राणा रणजीत सिंह दीपक पांडे, सुनील बंबईया, आकाश देवगिरी, सुनील मिश्रा, संतोष कुमार ,डॉ अशोक कुमार आकाश कुमार राजू मिश्रा महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता।

## इनरव्हील क्लब ऑफ गया सनराइज ने इस्कॉन मंदिर को दान किया अनाज

गयाः इनरव्हील क्लब ऑफ गया सनराइज ने आगामी जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर इस्कॉन मंदिर के भंडारे के लिए 35 किलोग्राम चावल और 15 किलोग्राम दाल का दान किया गया है। क्लब की अध्यक्ष, तेजस्वी नंदन ने कहा कि यह दान धार्मिक आयोजनों में समुदाय की सहायता करने की क्लब की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस्कॉन मंदिर के प्रतिनिधियों ने इस सहयोग के लिए क्लब का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह दान जनमाष्टमी के विशेष अवसर पर भक्तों को भोजन प्रदान करने में मदद करेगा। हर वर्ष इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी का उत्सव बहुत बड़े तादाद में मनाया जाता है जिस्म हजार से ज्यादा श्रध्दालु उपस्थित रहते है। इस तरह का सहयोग उनके लिये मददगार साबित होगा। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष डॉ तेजस्वी नंदन, भारती सिंह, स्वाति जैन और संजना जैन मुहजुद थे।

# सर्वोदय हॉस्पिटल सेक्टर-8, फरीदाबाद में बिहार से आये 49 वर्षीय मरीज मीना कुमारी का रोबोटिक विधि द्वारा सफलातापूर्ण घुटना प्रत्यारोपण

प्रात : किरण संवाददाता



बिहार के पटना जिले से आये एक 49 वर्षीय मरीज मीना कुमारी सर्वोदय हॉस्पिटल सेक्टर-8, फरीदाबाद में डॉक्टर सुजॉय भट्टाचार्जी (एचओडी एण्ड डायरेक्टर- ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट) की ओपीडी में आकर उनसे मुलाकात की। मरीज मीना के परिजनों के अनुसार उनके दोनो घुटने पूरी तरह से खराब हो गये थे और चलने फिरने में काफी तकलीफ हो रही थी। साथ हीं वो लचक लचक कर चल रही थी जिसके कारण उनकी रीढ़ की हड्डी पर काफी जोर पड़ रहा था और उस वजह से उनकी कमर में भी दर्द रहता था। यहाँ तक की रोजमर्रा के काम-काज मे भी उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मीना को उनके किसी परिजन के द्वारा पता चला कि सर्वोदय हॉस्पिटल, फरीदाबाद में डॉक्टर सुजॉय भट्टाचार्जी देश के जाने-माने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं जिन्होने ने अब तक 4000 से ज्यादा लोगों को रोबोटिक विधि से घुटना प्रत्यारोपण किया है और 24000 से अधिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट का अनुभव है। डॉक्टर सुजॉय के अनुसार मरीज जब ओपीडी में आकर मिले तो उन्होने ने उनका कुछ जरूरी टेस्ट जैसे एक्स-रे, सिटी स्कैन, ब्लड टेस्ट इत्यादि करवाया और रिपोर्ट आने के बाद ये स्पष्ट हो गया की मीना जी के दोनो घुटने पुरी तरह से खराब हो चुके हैं। जिनका अब एकमात्र इलाज घुटना प्रत्यारोपण ही रह गया है। चुकि मरीज और उनके परिजन रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट के बारे में पूरी तरह से अवगत नहीं थे तो डॉक्टर सुजॉय ने मरीज एवं उनके परिजनों को रोबोटिक सर्जरी के फायदे के बारे में बताया जैसेः- रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट के लाभ लिगामेंट एवं मांसपेशियों को बचाकर सर्जरी करना जिससे मरीज की जल्द से जल्द रिकवरी हो सके इम्प्लांट की सटीक प्लेसमेंट जाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के 2 घंटे बाद चलना संभव अधिक सुरक्षित तकनीक सर्जरी के बाद फिजियो थेरपि की जरुरत नही आदि के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया जिससे मरीज के परिजन एवं मरीज पूरी तरह संतुष्ट हुए और वो इस सर्जरी के लिए राजी हो गयें। एक हफ्ते बाद ही मरीज मीना का रोबोटिक विधि द्वारा घुटना प्रत्यारोपण किया गया। ये सर्जरी मरीज के लिए काफी लाभदायक रही और सर्जरी के अगले हीं दिन मरीज वॉकर के सहारे खड़े होकर चलने लगी। रोबोटिक ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए डॉक्टर सुजॉय बताते है कि मेडिकल क्षेत्र में आयी आधुनिकता घुटनों के दर्द से जूझ रहे मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। आज की जीवनशैली की वजह से बुजुर्ग लोगों के साथ साथ 40 वर्ष की उम्र पार करते करते लोगों में यह समस्या आम बात है। जब बात घुटनों में दर्द के इलाज की हो तो वर्तमान समय में ऐसी कई अत्याधुनिक मशीने हैं जो घुटना प्रत्यारोपण के इलाज में काफी मददगार साबित हुई है। सर्वोदय हॉस्पिटल में आज हम अत्याधुनिक रोबोट मशीन के द्वारा कई मरीजों को घुटना प्रत्यारोपण (नी रिप्लेसमेंट) के जरिये चलने-फिरने की आजादी दे पाये हैं। साथ हीं मुझे ये बताते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि सर्वोदय हॉस्पिटल सेक्टर-8, फरीदाबाद भारत का नार्थ इंडिया का पहला ऐसा हॉस्पिटल है जिसके पास घुटना प्रत्यारोपण (नी-रिप्लेसमेंट) के लिए दो एक्टिव रोबोट है। आज हम इन दोनो मशीनों के जरिये दुगुनी रफ्तार से घुटने के दर्द से बेचैन मरीजों का इलाज कर पा रहें हैं और उनको घुटने के दर्द से आजादी दिला पा रहे हैं।

# अर्जुन गुप्ता बने अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन बिहार के प्रदेश कार्यालय सह मीडिया प्रभारी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना।अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन बिहार के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक ढाका भाई पवन जायसवाल ने रोहतास ज़िला निवासी भाजपा नेता अर्जुन गुप्ता को उनके सामाजिक कार्यो के साथ साथ वैश्य समाज के प्रति लगाव सक्रियता को देखते हुए उन्हें अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यालय सह मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है मनोनयन के बाद अर्जुन गुप्ता ने अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन जायसवाल जी के साथ वैश्य समाज के सभी प्रमुख नेता सामाजिक कार्यकर्ता के प्रति आभार व्यक्त किया साथ ही बताया की नीति नियत और निष्ठा से समाज का काम करना मेरी पहली प्राथमिकता है यह बात सही है की हम समाज से है और अपने समाज के प्रति सजग रहना हमारा मूल कर्तव्य भी है ऐसे में समाज के वैसे लोग जो आज भी सामाजिक और राजनीतिक रूप से पिछड़े है उनको मुख्य धारा से जोड़ना मेरी पहली प्राथमिकता होगी

श्री गुप्ता ने बताया कि कल से सैकडो लोगो ने वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यालय सह मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर फोन कर बधाई दी है बधाई देने वालो में संजय जायसवाल अनिल साह जय हिन्द साह सत्यपाल नरोत्तम अतुल लोहानी शंभु केशरी पवन प्रकाश आरती जायसवाल रुचि चौधरी सुप्रिया जायसवाल अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद वर्मा राष्ट्रीय महासचिव प्रीति पाठक राजकुमारी सिंह अशोक सिंह राष्ट्रीय सचिव सिमा झा प्रदेश महासचिव कंचन कुमारी मधुरेंद्र गुप्ता मुकेश चन्द्रवंशी भाजपा नेता सतीश यदुवंशी धीरज कुमार अरविंद कुशवाहा कुंदन कुमार मुकेश कुशवाहा अजय यादव भीम गुप्ता नमन कुमार पंकज गुप्ता आदि ने बधाई दी

# बार और बेंच की बीच आने वाले हर समस्या दुर की जाएगीः न्यायमूर्ति

प्रात : किरण संवाददाता



**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में पहली बार पधारे नये निरीक्षी जज सह न्यायधीश उच्च न्यायालय पटना न्यायमूर्ति हरीश कुमार के कर कमलों से व्यवहार न्यायालय परिसर औरंगाबाद में 8 कोर्ट भवन जी प्लस फाइव शिलान्यास किया साथ ही में जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के नये लॉयर्स हॉल का शिलान्यास किया। इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के केन्द्रीय कक्ष में निरीक्षी जज का अभिनंदन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता सह स्वागत भाषण जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने किया और संचालन अधिवक्ता पर्मेन्दर मिश्रा ने किया। जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने निरीक्षी जज हरीश कुमार को मेमेंटो, बुके और साल देकर सम्मानित किया और उन्हें अधिवक्ता समाज का गौरव बताया। महासचिव जगनरायण सिंह ने जिला जज को साल और बुके देकर सम्मानित किया और बहुप्रतीक्षित भवन के शिलान्यास के लिए पुरे जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के ओर से आभार जताया। उपाध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा ने प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सत्यप्रकाश आर्या को साल और बुके देकर सम्मानित किया। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अपने सम्बोधन में स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह ने न्यायिक कर्मचारी की कमी दूर करने की मांग की। प्रमोद कुमार सिंह ने शीघ्र ही दोनों भवनों के निर्माण पुरा कराने की आग्रह किया। योगेन्द्र प्रसाद योगी ने कहा कि अब सारे विकास कार्य के आशा बढ़ गई है उम्मीद है कि निरीक्षी जज सबजज और प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के रिक्त पदों को शीघ्र भरेंगे। पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने कहा कि वीरों के भूमि में पधारे निरीक्षी जज का हार्दिक अभिनन्दन है। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सत्यप्रकाश आर्या ने अपने सम्बोधन में बार और बेंच के मधुर सम्बन्ध की प्रशंसा किया, जिला जज अशोक राज ने कहा कि इस एतिहासिक दिन अविस्मरणीय पल के हम सब सदैव याद रखेंगे। 8 न्यायालय भवन जी प्लस फाइव और लॉयर्स हॉल का शिलान्यास बार और बेंच के मधुर सम्बन्ध में मील के पत्थर साबित होगा। बार और बेंच का सम्बन्ध सदैव मजबूत रहे। निरीक्षी न्यायमूर्ति जज हरीश कुमार ने कहा कि बार और बेंच की बीच आने वाले हर समस्या दूर करने का प्रयास किया जाएगा हम सदैव व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के विकास के लिए, न्यायिक कार्यो के तेजी से निष्पादन के लिए प्रयासरत रहेंगे। आप का जिला विधिज्ञ संघ और औरंगाबाद के इतिहास सुन अभिभूत हूं और इसी तरह से बार और बेंच के मधुर सम्बन्ध से मुवक्किलों को अधिक से अधिक न्याय दिलाने में आप सभी प्रयासरत रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन महासचिव जगनरायण सिंह ने किया। रविन्द्र बाबू के संगीत टीम के राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायधीश,लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, सभी कार्यसमिति सदस्य और अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला सफल बनाने हेतु बैठक

अरवल । भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बैदराबाद में राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान 2024 के कार्यशाला को सफल बनाने हेतु बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि जिले के सभी बूथों पर सघन सदस्यता अभियान करना सुनिश्चित किया गया है, सभी पदाधिकारी यह कार्य को निश्चित रूप से प्राथमिकता देकर हर स्थिति में पूरा करेंगे, ऐसा सभी कार्यकताओं से आग्रह है। जिले के सभी 558 बूथों पर प्रति बूथ दो सौ,200 सदस्य पार्टी ने लक्ष्य निर्धारण किया है। पूरे जिले में लगभग दो लाख सदस्य बना कर पूरे बिहार में अरवल जिला भाजपा को अव्वल स्थान लाना है। ।भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता भास्कर कुमार ने प्रेस रिलीज जारी कर उन्होंने बताया की 25 अगस्त दिन रविवार को भाजपा कार्यालय पर अरवल जिला के प्रभारी मंत्री हरि साहनी जी भी सदस्यता अभियान के कार्यशाला बैठक में उपस्थित रहेंगे उनका मार्गदर्शन भी हम सभी कार्यकताओं को मिलने वाला है सदस्यता को लेकर पार्टी के सभी कार्यकताओं को कमर कस लेने की जरूरत है इस अवसर पर जिला महामंत्री कुशवाहा चंदन, जिला सदस्यता प्रभारी गिरेंद्र शर्मा , बजेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किंजर करपी व तेलपा थाना में जनता दरबार में फरियादी की समस्या सुनी:सीओ



प्रात : किरण संवाददाता

करपी। शनिवार को किंजर थाना परिसर मे करपी थाना परिसर मे एवं शहर तेलपा थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार जो की राज्य सरकार का सबसे निचले स्तर पर समस्याओं के समाधान का एक उत्तम सोच है ! इस सोच के तहत एक प्रयास किया गया कि निचले स्तर पर किसी भी जमीनी विवाद का निपटारा अंचल अधिकारी के नेतृत्व में दोनों पक्षों के स्थिति को समझ कर के निपटाया गया ! सरकार के निदेशार्नुसार प्रत्येक शनिवार को स्थानीय थाना परिसर में जनता दरवार लगाया जाता है !इसी संदर्भ में करपी थाना एवं शहर तेलपा थाना और किंजर थाना के परिसर में जनता दरबार में अंचल अधिकारी आलोक कुमार करपी थाना अध्यक्ष उमेश राम सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे ! वहीं शहर तेलपा थाना में अंचल अधिकारी आलोक कुमार पुअनी राघव झा राजीव कुमार जनता दरबार में उपस्थित थे ! किंजर थाना मे अंचल अधिकारी आलोक कुमार स्थानीय थाना अध्यक्ष के द्वारा जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्या सुना गया इन तीनो जगह पर कई तरह के समस्याओं को लेकर कई फरियादी भी उपस्थित थे ! समस्याओं की निदान के लिए करपी थाना में अंचल अधिकारी आलोक कुमार और उमेश राम के द्वारा दो भूमि विवाद की समस्या निपटाया गया ! वहीं समस्याओं को निपटारा में शहर तेलपा थाना में भी भूमि विवाद की एक दो समस्याओं को निपटने का प्रयास किया गया ! अंचल अधिकारी आलोक कुमार के द्वारा सचमुच में एक समस्या सुलझाने का प्रयास किया जाता रहा है। जिसका एक उदाहरण नहीं बल्कि अनेकों उदाहरण देखने को मिलता है। जनता दरबार में उपस्थित लोगों को अंचल अधिकारी ने कहा कि आप समस्या की निपटारा में हमें मदद करें और मैं भी आपको यह वचन देता हूं कि आपकी हर समस्या को निपटने का प्रयास करूंगा !

## अखिल भारतीय हलवाई वैश्य समाज की बैठक

डेहरी (रोहतास)। अखिल भारतीय हलवाई वैश्य समाज की बैठक बाबा गाणिनाथ मंदिर निकट में नगर अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता जी की अध्यक्षा में हुई। इस बैठक की सूचना चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी को दी गई थी परंतु उनकी उपस्थिति नई हो सकी। इसकी सूचना अनुमंडल पदाधिकारी को देने के लिए सभी उपस्थित अभिभावक उनके कार्यालय मे उपस्थित हुए एवं लिखित जानकारी भी दिए।

सभी उपस्थित अभिभावक लोगों की सहमति से निर्णय हुआ कि बाबा गाणिनाथ का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जाय। बाबा गाणिनाथ जी का शोभायात्रा 30.08. 2024 दिन शुक्रवार को संध्या 2:00 बजे से एनिकट मंदिर प्रांगण से डेहरी बाजार होते हुए कैनाल लोड, स्टेशन रोड, पाली रोड होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में समापन होगी। इस शोभायात्रा में बाबा की झांकी, घोड़ा, गाजा बजा के साथ निकलेगी। बाबा गाणिनाथ जी का महोत्सव 31.08. 2024 दिन शनिवार को प्रातः 06:00 बजे से बाबा का अभिषेक एवं वैदिक मंत्रों के साथ पूजन प्रारंभ की जाएगी। इसके बाद 10:00 बजे से झंडोतोलन नगर अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता के द्वारा की जाएगी।

प्रसाद, महा प्रशाद सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बच्चो द्वारा प्रतियोगिता तथा रंगारंग कार्यक्रम की जाएगी। संध्या 6:00 बजे मंदिर में आरती की जाएगी।

# नगर आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने मनसरवा नाला के आस पास के किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

गया। नगर आयुक्त को पंत नगर में अचानक मन सरवा नाला के पानी बढ़ने एवम जल जमाव की शिकायत मिलने पर नगर आयुक्त द्वारा रात्रि में मन सरवा नाला का निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण में पाया गया की दुभल आहर से अधिक मात्रा मे पानी को मनसरवा नाला में खोल देने से मनसरवा नाला की पानी का स्तर बढ़ा एवम पंत नगर एवम आस पास जल जमाव की स्थिति उत्पन्न होने लगी थी। नगर आयुक्त द्वारा फिर मनसरवा नाला के फल्गु नदी के पास आउटलेट का स्थल निरीक्षण किया गया है । इसपर पाया गया की जल संसाधन विभाग द्वारा बायपास पुल से देवघाट तक बनाए जा रहे रोड के कारण मनसरवा नाला के स्लूइस वॉल्व को बंद किया गया था। जिसे जिला पदाधिकारी एवम नगर आयुक्त द्वारा खुलवाया गया है। जिससे मनसर्वा नाला की पानी का स्तर कम हुआ है।

## वार्ड पार्षद के पहल पर रोड की मरम्ती हुआ चालू

गया। गया शहर के कयी सालों से लोगों को चलना फिरना आना जाना दुर्लभ हो रहा था इसका ध्यान वार्ड पार्षद 15 दिपक चंदवशी ने लोगों को बरसात और आये दिनो के गाडी, रिक्शा चालक और आम राहगिर को दुविधा को ध्यान में रखकर मुरारपुर मस्जिद मोड़ से बी एन झा रोड के जर्जर सड़क के निर्माण चालु कराया गया है आगे गोल बगिचा से देवी स्थान पर भी जल्दी ही निर्माण चालु कराया जाएगा आनंदी माई मोड़ से जी बी रोड मोड,मुन्नु लाल पुस्तकालय रोड से भी जल्दी ही कार्यक्रम चालु कराया जाएगा

## डीएवी स्कूल मे वेद प्रचार सप्ताह के तहत निकाली गई झांकी

अरवल। डीएवी पब्लिक स्कूल की ओर से शनिवार को वेद प्रचार सप्ताह के तहत झांकी निकाली गई। इस झांकी का मुख्य उद्देश्य वेद का प्रचार-प्रसार कर जनमानस के हृदय में वैदिक सत्य सनातन धर्म के प्रति जागृति, वेद ज्ञान का बोध कराना है। इस क्रम में विद्यालय प्रांगण में वैदिक मूल्यों के संचार के लिए सामूहिक-हवन का आयोजन किया गया ,झांकी में डीएवी अरवल के प्राचार्य अजय कुमार सिंह के साथ शिक्षक विकास कुमार यादव, धीरेंद्र कुमार , शिक्षिका अनिता कुमारी व बच्चे शामिल रहे। झांकी परिभ्रमण के दौरान वेद पढ़ने व इसके महत्वों को उजागर करते हुए नारा लगाया।

# लोकरत्न उपेंद्रनाथ वर्मा की मनाई गई 104 वीं पुण्यतिथी

गया। लोकरत्न उपेंद्रनाथ वर्मा सामाजिक उत्थान समिति बिहार की ओर से शहर के दिघी तलाव वर्मा चौक पर स्थित लोकरत्न उपेंद्रनाथ वर्मा जी की 104 में जयंती समारोह मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएलसी जदयू डॉक्टर कुमोद वर्मा कर रही थी इस मौके पर पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी। वीरभद्र जसराज ।अरविंद कुमार वर्मा ।गोपाल प्रसाद वर्मा ।राजेंद्र प्रसाद मेहता पूर्व मुखिया। इकबाल हुसैन रामबरन प्रसाद प्रिया रंजन उर्फ डिंपल डॉक्टर शत्रुघन डांगी जितेंद्र पुष्प सहित उनके विचारधारा से जुड़े सैकड़ो लोग मौजूद थे आगंतु अतिथियों ने लोकरत्न उपेंद्रनाथ वर्मा जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पण कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की एवं उनके किए गए कार्यों पर चर्चा पर की गई है ।विदित होगी लोकरत्न उपेंद्रनाथ वर्मा का जन्म जहानाबाद जिले के झमन बीघा गांव में 23 अगस्त 1921 को हुई थी और उनके निधन 28 अगस्त 2011 को हुई थी। वह राम मनोहर लोहिया के अभिन्न साथी दलित एवं वंचितों के नायक मगही के उदाहरण व प्रचारक एवं सामाजिक चिंतक संपादक सांसद प्रखंड समाजवादी स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं।

# छठवीं बार जदयू प्रदेश महासचिव बने चंदन कुमार सिंह



गया। गया देव घाट निवासी चंदन कुमार सिंह को छठवीं बार जदयू प्रदेश महासचिव बनाया गया है। इसकी अधिसूचना जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने जारी किया गया है ।जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने श्री सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उनकी पार्टी के प्रति समर्पण का ही नतीजा है कि चंदन सिंह को छठी बार प्रदेश महासचिव का जिम्मेवारी दिया गया है ।जो राज्य कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य हैं और उप मंत्री का दर्जा प्राप्त है ।इस बधाई देने वाले जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव,सोनम दास, पूनम कुशवाहा, धनंजय शर्मा, अजीत शर्मा, शंकर चौधरी, शहजाद शाह, अरविंद वर्मा, जितेंद्र दास, जितेंद्र पंडित, अवधेश प्रसाद, अरुण राव, ज्योति सिंह, अरविंद चरण प्रियदर्शी, वीरेंद्र शर्मा, मितांबरा लोहड़े, रिंकू कुमारी, महेश सिंह, रिंकू सिंह, मुन्ना पटवा, राज कुमार शाह, देवरानी देवी, गोल्डी गायब,कुमार शानू, छोटू गुपुत, तबरेज आलम,एवं पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं ने बधाई दिया है।

# पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर गया में दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का समापन

## बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण,वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार रहे मुख्य अतिथि

प्रात : किरण संवाददाता




गया । सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) गया क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा गया के मानव भारती नेशनल स्कूल परिसर में शनिवार 24 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस विषय पर दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का समापन किया गया।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व में विज्ञान ने इतनी अधिक तरक्की कर ली है जिसके कारण अंतरिक्ष विज्ञान का महत्व बढ़ गया है। चाहे सामरिक दृष्टिकोण से हो,सूचना के दृष्टिकोण से हो,मौसम विज्ञान की दृष्टिकोण से हो,आपदा के दृष्टिकोण से हो या फिर आर्थिक दृष्टिकोण से हो जिन देशों ने अंतरिक्ष विज्ञान में बड़ी उपलब्धि हासिल की है वह आज विश्व में मजबूत देश के रूप में स्थापित है। उन्होंने देश के युवाओं तथा विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अंतरिक्ष विज्ञान में अपनी अभिरुचि बढ़ाएं और हमारी राष्ट्रीय संस्था इसरो में योगदान देकर अपनी कृति से कृतिमान स्थापित करें।

इस अवसर पर मंत्री डॉ प्रेम कुमार द्वारा ह्लएक पेड़ मां के नामह्व अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया।

मगध मेडिकल कॉलेज गया के अधीक्षक डॉ विनोद सिंह, गया कॉलेज गया के वनस्पति शास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ एकता वर्मा तथा भौतिकी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रेणु रानी ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे।

आज दूसरे दिन भी चित्र प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा इसरो द्वारा निर्मित यान एवं अंतरिक्ष शोध सामग्री के मॉडल का प्रदर्शन भी किया गया। उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुति के लिए साहिल, संस्कार, प्रांजल व शक्ति की टीम को प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के बीच आयोजित चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। निबंध में प्रथम पुरस्कार सुकृति कुमारी, द्वितीय पुरस्कार नंदिनी शर्मा व तृतीय पुरस्कार प्रियांशी को प्राप्त हुआ।

चित्रकला में प्रथम पुरस्कार रुचि कुमारी, द्वितीय पुरस्कार हर्ष राज, तृतीय पुरस्कार शानवी दीप को मिला।

लोकनृत्य में मराठी लोकनृत्य समूह को प्रथम पुरस्कार दिया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकुमार, सौरभ कुमार, श्रुति कुमारी, हर्ष राज, तेजस्वी सिंह, रितिका सिन्हा, आयुष तथा अदिति को अंतरिक्ष प्रश्नोत्तरी का सही उत्तर देने के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार से संबद्ध जन चेतना लोक कल्याण समिति पटना के कलाकारों द्वारा लोकगीत, नृत्य व नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही विद्यालय की छात्राओं द्वारा मराठी व राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन केंद्रीय संचार ब्यूरो, भागलपुर के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन मानव भारती नेशनल स्कूल की प्राचार्य डॉ नूतन सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बिहार झारखंड के कार्यवाह डॉ मोहन सिंह, गया के प्रांत बौद्धिक प्रमुख राणा प्रताप, नंदकिशोर पाठक, देवेंद्र कुमार पाठक, मानव भारती नेशनल स्कूल के निदेशक संजय कुमार सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, केंद्रीय संचार ब्यूरो, गया के प्रभारी बुलंद इकबाल, सीबीसी के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सुदर्शन किशोर झा, दीपक कुमार, संतोष कुमार भी उपस्थित थे।

# भ्रमरपुर के दुर्गा मंदिर और मड़वा के बाबा बजलेश्वर धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाय : इंजीनियर कुमार शैलेंद्र

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भ्रमरपुर स्थित दुर्गा मंदिर एवं मड़वा स्थित बाबा बजलेश्वर धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग बिहपुर के भाजपा विधायक इंजीनियर कुमार शैलेन्द्र ने किया है। उन्होंने बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री नितीश मिश्रा से मिलकर भ्रमरपुर स्थित दुर्गा मंदिर एवं मड़वा स्थित बाबा बजलेश्वर धाम के संबंध में विस्तार से चर्चा करने के बाद पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का अनुरोध किया है।

भागलपुर जिले के बिहपुर विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले विधायक ई कुमार शैलेन्द्र ने पर्यटन मंत्री को यह भी बताया कि आगामी नवरात्र को ध्यान में रखकर भ्रमरपुर में शक्तिपीठ के रूप में विख्यात दुर्गा मंदिर तथा मड़वा स्थित बाबा बजलेश्वर धाम, जहां सावन में प्रत्येक सोमवार को लाखों श्रद्धालु 40 किलो मीटर दूर डुमरिया घाट से पैदल चलकर जलाभिषेक करने आते हैं। वहीं भादो महीने के पूर्णिमा में भी लाखों की संख्या में लोग करते हैं जलाभिषेक और इस बार भी करेंगे जलाभिषेक। विधायक कुमार शैलेन्द्र ने इसी आधार पर दोनों धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने तथा इसके सौन्दर्यीकरण करने की मांग की है। पर्यटन मंत्री नितीश मिश्रा ने विधायक की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

विधायक ई कुमार शैलेन्द्र ने बताया कि वर्तमान श्रावणी मेला तथा भाद्र पूर्णिमा मेला बाबा बजलेश्वर धाम बिहार के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है, लेकिन अभी तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने इस संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है, जिस पर पर्यटन मंत्री नितीश मिश्रा ने शीघ्रता से कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है ।

ध्यातव्य है कि बिहपुर के इन दोनों मंदिरों के विकास से, बिहार में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। सीमावर्ती राज्य बंगाल से लेकर पड़ोसी देश नेपाल से भी पर्यटक यहां आते रहते हैं।

